**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./06 दिनांक : 7 फरवरी, 2020

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**बीडीएल ने अमोघा – III लाँच किया**



भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने Defexpo-2020 के दौरान अपने नये-उत्पाद अमोघा –III लाँच किया।

आज बीडीएल के सीएमडी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) द्वारा माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह को उत्तरप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, माननीय रक्षा मंत्री श्री श्रीपाद येसो नाईक, सचिव (रक्षा), डॉ अजय कुमार, सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग आर अण्ड डी के अध्यक्ष डॉ जी सतीश रेड्डी के समक्ष में अमोघा – III का एक नमूना सौंपा।

बीडीएल ने डी आर डी ओ के सहयोग से अमोघा – III का अभिकल्पन एवं विकास किया। यह तीसरी पीढ़ी का 'फायर करो भूल जाओ' श्रेणी का टैंक रोधी संचालित प्रक्षेपास्त्र है जिसमें ड्युअल मोड आई आई आर सीकर है और इसकी रेंज 200 से 2500 मीटर है। टैंडम वारहेड से युक्त अमोघा – III में शीर्ष / प्रत्यक्ष हमला करने की क्षमता है और व्यक्तिवाह्य है। प्रयोक्ता ट्रायल के बाद इसे वाणिज्यक कर दिया जाएगा।